तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 18 मई 2026
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह की एयरपोर्ट से आसना तक फोरलेयर सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे के दूसरे दिन 18 मई को जगदलपुर पहुंचेंगे। उनके दो दिवसीय बस्तर प्रवास को देखते नेतानार के अलावा जगदलपुर एयरपोर्ट से लेकर आसना तक चार लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस दौरान लगभग एक हजार से अधिक जवान तैनात रहेगें। नेतानार में डीआरजी के अलावा सीआरपीएफ व जिला बल के जवान तैनात रहेगें इसके अलावा युनाईटेड होम मिनिस्टर (यूएचएम), सीआरपीएफ व अलग अलग बलों के जवानों की तैनाती की गई है। गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर प्रवास के दूसरे मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक लेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में चार राज्य के मुख्यमंत्री शामिल होगें इसमें छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अलावा उतरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उतराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होगें। इस बैठक के बाद गृहमंत्री शाह पत्रकार वार्ता करेंगे और फिर दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक वर्चुअल नहीं करना फिजूलखर्ची : बैज

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश से आह्वान कर रहे है कि वर्कफ्राम होम कर पेट्रोल-डीजल बचाएं। उनके ही गृहमंत्री और मुख्यमंत्री उनकी बात का माखौल उड़ा रहे हैं। मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक वर्चुअल क्यों नहीं किया गया जबकि सभी मुख्यमंत्री सचिवालय तथा गृह मंत्रालय के पास वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध है। मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, चार राज्यों के मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि बस्तर आयेंगे। सब अलग-अलग विशेष विमान से आयेंगे, लाखों रू. खर्च होगा, डीजल-पेट्रोल तथा विमान का ईंधन खर्च होगा। यह बैठक तो वर्चुअल हो सकती है। श्री बैज ने कहा कि मध्यक्षेत्र परिषद की बैठक बस्तर में बुलाना भारतीय जनता पार्टी का पॉलिटिकल प्रोपेगेंडा है। 31 मार्च के बाद नक्सलवाद समाप्त होने का दावा केंद्र और राज्य सरकार ने किया था फिर कांकेर में पिछले हफ्ते 4 जवान शहीद हुए। उसके बाद भी सरकार राजनीतिक प्रोपेगेंडा करना बंद नहीं की है। उन्होंने ने कहा मध्यक्षेत्र की बैठक पहली बार बस्तर में करवाने पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। मध्यक्षेत्र परिषद की बैठक बस्तर ले जाकर साबित करना चाहते हैं हमने यहां पर सारी चीजें सही कर दिया है। मध्यक्षेत्र की बैठक को बस्तर में करने का दूसरा उद्देश्य है एक व्यावसायी के लिये रेड कार्पोरेट बिछाना चाहते हैं।



### इंदिरा वार्ड के उपचुनाव में भाजपा से मनोहर प्रत्याशी

**जगदलपुर।** नगर निगम के इंदिरा वार्ड में होने वाले पार्षद पद के उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को मनोहर दत्त तिवारी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से मनोहर दत्त तिवारी को प्रत्याशी घोषित किया गया है। यह घोषणा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने की है।



### भरत मटियारा का जाना अपूरणीय क्षति : देव

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि वरिष्ठ नेता का निधन पार्टी और मछुआरा समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने सदैव संगठन की मजबूती और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य किया। वे कर्मठ, मिलनसार और जमीन से जुड़े नेता थे। मछुआरा समाज के उत्थान और उनके अधिकारों की लड़ाई में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवारजनों को असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### ब्लॉक कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**घाटलोहंगा।** पेट्रोल डीज़ल के संकट एवं बढ़े हुए दामों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराम बिसाई के नेतृत्व में पेट्रोल पंप पहुँच कर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही पेट्रोल डीजल लेने आए लोगों से चर्चा की गई उपभोक्ताओ द्वारा पेट्रोल डीजल के बड़े दामों को लेकर निराशा जाहिर की गई । इस दौरान प्रेमशंकर शुक्ला, हेमराज बघेल,जगमोहन बघेल, तुलाराम सेठिया, मोना पाढ़ी, लखेश्वर कश्यप, मोहन झाली, कार्तिक कश्यप, कमलू भारती एवं अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मध्य क्षेत्र बैठक से बस्तर को नई विकास गति मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर आगमन को लेकर वन मंत्री केदार कश्यप ने इसे बस्तर के विकास, सुरक्षा और विश्वास के नए दौर का प्रतीक बताया है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बस्तर में विकास की नई धारा प्रवाहित हुई है। आज बस्तर नक्सल चुनौती की पहचान नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और संभावनाओं के नए मॉडल के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री बस्तर आने वाले सबसे सक्रिय नेता हैं। बार-बार बस्तर पहुंचकर लोगों का मनोबल बढ़ाया, विकास कार्यों की समीक्षा की और यह संदेश दिया कि केंद्र सरकार बस्तर के साथ मजबूती से खड़ी है।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से बस्तर में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और संचार सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। दूरस्थ गांवों तक सड़कें पहुंच रही हैं, नए पुल-पुलियों का निर्माण हो रहा है तथा मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाओं के विस्तार से ग्रामीण क्षेत्र मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। जिन क्षेत्रों में कभी भय और बंदूक का माहौल था, वहां अब स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और बाजार विकसित हो रहे हैं। युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, खेल और कौशल विकास के नए अवसर मिल रहे हैं।

### बस्तर अब भय नहीं, विकास और संभावनाओं की पहचान



#### बस्तर की बनेगी नई पहचान

वन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आदिवासी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। तेंदूपत्ता संग्राहकों, वनवासियों, किसानों और महिलाओं के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव जमीन पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि अमित शाह के बस्तर दौरे और मध्य क्षेत्र बैठक से क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा बस्तर देश के सबसे तेजी से आगे बढ़ते आदिवासी अंचलों में अपनी नई पहचान स्थापित करेगा।

### लापरवाही : हरिभूमि के कैमरे में कैद हुई अवैध तस्करी

# जांच नाका के सामने से धड़ल्ले से पार हो रहा हरा सोना तेंदूपत्ता

रोशन चौहान ▶▶| दोरनापाल

ओड़िशा सीमा पर तेंदूपत्ता की अवैध तस्करी रोकने के लिए वन विभाग ने जांच नाका और कर्मचारियों की ड्यूटी तो लगा दी है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। तस्करी का खेल खुलेआम जारी है और जिम्मेदार कर्मचारी खानापूर्ति करते नजर आ रहे हैं।

- वन विभाग की जांच पर उठे सवाल

दोरनापाल के मुख्य चौराहे पर हरिभूमि ने ओडिशा के कुछ लोगों को मोटरसाइकिलों में प्लास्टिक बोरों में भरकर तेंदूपत्ता ले जाते देखा। 5 मोटरसाइकिलों में तेंदूपत्ता भरकर ओड़िशा की ओर ले जाया जा रहा था। हरिभूमि ने कैमरा ऑन करके तस्करों का पीछा करते जांच नाका तक पहुंच। वहां तैनात कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद 4 मोटरसाइकिल जांच नाका के सामने से बिना किसी रोक-टोक के ओड़िशा की ओर निकल गईं।



ड्यूटी करते दो कर्मचारियों ने देखा कि कैमरे से फोटोग्राफी हो रही है, तब आनन-फानन में एक मोटरसाइकिल को रोका गया। इससे सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या जांच नाका सिर्फ दिखावे के लिए बनाया गया है और तस्करों को खुली छूट दी जा रही है।

#### रेंजर पर भी उठे सवाल

इस मामले में दोरनापाल रेंजर का रवैया सवालों के घेरे में है। हरिभूमि ने पक्ष जानने के लिए रेंजर माड़वी नंदा को उनके मोबाइल 78285 20313 पर कई बार फोन करने की कोशिश की। रेंजर ने फोन रिसीव नहीं किया। पिछले सप्ताह भी इसी मामले पर कई बार फोन किया गया लेकिन जिम्मेदार अधिकारी की चुप्पी से विभाग की कार्यप्रणाली पर संदेह गहरा गया है।

#### शासन को रॉयल्टी तो संग्राहकों को बोनस का होगा नुकसान

स्थानीय लोगों का कहना है कि ओडिशा के तस्कर लगातार छत्तीसगढ़ से तेंदूपत्ता ले जा रहे हैं, जिससे शासन को रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। वहीं आदिवासियों को मिलने वाले बोनस पर भी असर पड़ रहा है।

## लंबी कतार को देख सीएस ने कमान संभालते हुए मरीजों का किया इलाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में रविवार को मरीजों की संख्या बढ़ने और डॉक्टरों की कमी के कारण सिविल सर्जन ने हाल ही में बैठकर मरीजों का इलाज किया, जिससे कतार में लगे मरीजों की संख्या कम हुई।

- सिविल सर्जन ने हाल ही में बैठ कर मरीजों की पर्ची में लिखी दवाइयां
- मौसमी बीमारी से पीड़ितों की संख्या बढ़ी

शहर के सबसे प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में से एक इस अस्पताल में मौसमी बीमारियों या अन्य आपात स्थितियों के दौरान मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उस दौरान मरीजों को उचित और त्वरित चिकित्सा सुविधा देने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने स्वयं कमान संभालते हुए मरीजों का इलाज किया। उन्होंने बताया कि आपातकालीन कक्ष में मरीजों की लंबी लाइन लगी थी। इसके चलते ही हाल में ही बैठ कर लाइन में लगे मरीजों का इलाज कराया, इसमें ज्यादातर मरीज बुखार के रहे। डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल में दवाइयां पर्याप्त होने से मरीजों को कोई परेशानी नहीं हो रही है।

#### गंभीर मरीज नहीं

बताया जा रहा है कि सुबह से दोपहर तक भीषण गर्मी और शाम को मौसम बदलने से मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं, जिसमें ज्यादातर बुखार, पेटदर्द, सिरदर्द आदि के मरीज शामिल है। साथ ही सामान्य रूप से उल्टी-दस्त के भी आ रहे हैं पर गंभीर मरीज नहीं है।

## टमाटर हुआ और लाल, 40 रुपए प्रति किलो पर पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भीषण गर्मी में 5 से 10 रुपए प्रति किलो में बिकने वाला टमाटर रविवार को 40 रुपए किलो में बिक रहा है, मानसून की दस्तक के साथ टमाटर की दरों में और उछाल की संभावना है। लोगों की रसोई पर कब्जा रखने वाला टमाटर ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है। मांग के हिसाब से आपूर्ति में कमी होने के चलते इसके ▶▶| शेष पेज 10 पर

- कीमतों में और भी उछाल की संभावना

## भूमिपूजन के 2 साल बाद भी आंगनबाड़ी भवन का काम शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेन्द्र पटवा ने नगर निगम आयुक्त के नाम मोतीलाल नेहरू वार्ड में प्रस्तावित आंगनबाड़ी भवन के निर्माण को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग करते ज्ञापन सौंपा। श्री पटवा ने बताया कि 2024 में विधायक व वार्ड के पार्षद आलोक अवस्थी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी भवन का भूमि पूजन हुआ था। किंतु आज पर्यंत तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। प्राथमिक शाला नयापारा के एक कक्ष में भोजन पकाने एवं पढ़ाई एक साथ संचालित है। जिससे बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पटवा ने आरोप लगाया कि भवन के अभाव में बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वार्ड के छोटे बच्चों एवं महिलाओं की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण आवश्यक है। अन्यथा बच्चों के हित को देखते हुए आंदोलन करने बाध्य होंगे।

- कांग्रेस नेता ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा



## शादी-विवाह में डीजे, कपड़ा वितरण और फिजूल खर्च पर लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धुरवा आदिवासी समाज के संभाग स्तरीय बैठक शनिवार को शहर के तेतरकुटी सामाजिक भवन में विशेष बैठक आयोजित किया गया। इसमें समाज के दो दिवसीय 20 वां स्थापना दिवस पर शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधारोपण किया गया। समीक्षा के बाद धुरवा समाज में संभाग स्तर पर एक रूपता से 20 वर्ष पूर्व 2007 में नियम बनाया गया था, उसे कड़ाई से पालन कराने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय किया ▶▶| शेष पेज 10 पर

- धुरवा समाज में मनाया 20 वां स्थापना दिवस



#### युवाओं को जोड़ने का कदम

धुरवा समाज बस्तर संभाग के महासचिव डॉ. गंगाराम कश्यप धुर ने बताया कि तेतरकुटी में 24 मई को संभाग स्तरीय बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से समाज के कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। धुरवा समाज के संगठन को मजबूत बनाने तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षा को अनिवार्य बनाने, योजनाओं का लाभ उठाने और सामाजिक समरसता के माध्यम से युवाओं को जोड़ने जैसे ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### 126 आंगनबाड़ी केंद्रों में तितली संस्था का विशेष सत्र

# खेल-खेल में बच्चों को सिखाया गणित के बुनियादी गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बच्चों की कल्पनाशक्ति और सीखने की क्षमता को अगर सही दिशा देने तथा खेल-खेल में मुश्किल चीजें आसान करने के उद्देश्य से कुछ अनोखा और प्रेरणादायक काम 126 आंगनबाड़ी केंद्रों में देखने को मिला। जहां तितली संस्था के सहयोग से सत्र का आयोजन किया गया। इस अनूठे सत्र में बच्चों ने न सिर्फ गणित के बुनियादी गुर सीखे, बल्कि वर्तमान मौसम के मिजाज को समझते हुए चिलचिलाती गर्मी से खुद को सुरक्षित रखने के व्यावहारिक तरीके भी जाने।

- धूप आदि से बचने के व्यावहारिक तरीके भी जाने

जिले के इन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित इस गतिविधि की सबसे खास बात यह रही कि इसमें पारंपरिक ब्लैकबोर्ड और चॉक की पढ़ाई से इतर, बच्चों को सीधे प्रकृति से जोड़ा गया। बच्चों ने अपने आसपास बिखरी प्राकृतिक सामग्रियों जैसे पेड़ के पत्तों, छोटे-छोटे कंकड़ों और बालू का उपयोग कर एक मजेदार खेल की शुरूआत की। इन सामग्रियों को छूकर, इकट्ठा करके और आपस में गिनकर बच्चों ने संख्याओं की बुनियादी समझ विकसित की, जिससे उनकी गणितीय और गणना क्षमता को एक बेहद मजबूत आधार मिला। कंकड़-पत्थरों और पत्तों की मदद से जोड़ना और घटाना बच्चों के लिए एक बोझिल विषय होने के बजाय उनके दैनिक जीवन का एक मनोरंजक हिस्सा बन गया।



संख्याओं के इस सफर के बाद सत्र के अगले हिस्से में बच्चों को गर्मी के मौसम के बारे में जागरूक किया गया। इस अनौपचारिक और सहज बातचीत के दौरान बच्चों ने बड़े ही सरल अंदाज में समझा कि कड़ाके की धूप का हमारे शरीर पर क्या असर ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### मनोरंजक गतिविधियों से बच्चों ने सीखे नए तरीके

रंग-बिरंगे कागज की मदद से बेहद सुंदर और आकर्षक हाथ के पंखे बनाए गए। शिक्षा और बाल विकास विशेषज्ञों का मानना है कि बस्तर जैसे क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर की जा रही व्यवहारिक और मनोरंजक गतिविधियां बच्चों के भीतर न केवल सीखने की ललक पैदा करती हैं, बल्कि उनके सोचने के दायरे, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास को भी कई गुना बढ़ा देती हैं। सीखने-सिखाने के इस रचनात्मक सफर में बच्चों की खिलखिलाहट और उनका उत्साह यह साफ बयां कर रहा था कि जब पढ़ाई में खेल, सुरक्षा और कला का अद्भुत तालमेल बैठता है।

## रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त



**जगदलपुर।** बस्तर जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार और खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच दल ने बेलगांव रेत घाट एवं बजावण्ड क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। दल द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान गौण खनिज रेत का अवैध परिवहन कर रहे 4 वाहनों को पकड़ा, जिन्हें तत्काल पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। जब्त किए गए वाहनों में दो ट्रैक्टर और दो हाईवा शामिल हैं, जो बिना वैध दस्तावेजों के रेत का परिवहन कर रहे थे। इन सभी वाहनों को खनिज सहित जब्त कर वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस पूरे मामले में छत्तीसगढ़ गौण खनिज ▶▶| शेष पेज 10 पर

- खनिज जांच दल की कार्रवाई

# नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में व्यापारियों की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नगर पंचायत द्वारा केंद्र सरकार के नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 की जानकारी देने हेतु व्यापारियों, दुकानदारों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में व्यापारियों और दुकानदारों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी मयंक कुमार बसन्तवानी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली 2016 में संशोधन करते हुए नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को 1 अप्रैल 2026 से लागू किया गया है।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर बैठक



### कॉल अथवा वाट्सअप भेजकर करा सकेंगे शिकायत

इसके अलावा नागरिकों को ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी देते हुए बताया गया कि वे 1100 पर कॉल कर अथवा 8519009090 पर व्हाट्सएप संदेश भेजकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिनका समयसीमा में निराकरण किया जाएगा। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद विजय लांडगे, संगीता राव, विनोद पांडे सहित व्यापारी संघ उपाध्यक्ष लक्की जायसवाल, आसिफ मेमन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

नए नियमों के तहत अब कचरे को चार श्रेणियों में अलग-अलग रखना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि गीला कचरा हरे डिब्बे में, सूखा कचरा नीले डिब्बे में, बैटरी एवं चार्जर जैसे विशेष देखभाल वाले कचरे को काले डिब्बे में तथा सेनिटरी अपशिष्ट को पीले डिब्बे में रखना होगा। नगर पंचायत के स्वच्छता वाहन एवं स्वच्छता दीदी द्वारा इन कचरों का पृथक संग्रहण किया जाएगा। बैठक में सिंगल यूज पॉलीथीन के उपयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर भी चर्चा हुई। व्यापारियों को पॉलीथीन के स्थान पर कागज एवं कपड़े के थैलों का उपयोग करने की सलाह दी गई, जिस पर व्यापारियों ने सहमति जताई।

## खबर संक्षेप

### छात्रावासों में दिव्यांग बच्चों को प्रवेश देने की मांग

**धमतरी।** समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य स्कूलों में शिक्षा प्रदान की जा रही है, ताकि वे अन्य बच्चों की तरह सभी गतिविधियों में भाग लेकर आत्मनिर्भर बन सकें। लेकिन माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्तर की पढ़ाई के लिए कई बच्चों को दूरस्थ हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रवेश लेना पड़ता है। ऐसे में उन्हें घर से दूर रहकर शिक्षा ग्रहण करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने जिले के सभी छात्रावासों में दिव्यांग बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर स्थान देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छात्रावास सुविधा मिलने से दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई बीच में नहीं छूटेगी और वे आगे की शिक्षा सफलता पूर्वक पूरी कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संकुल स्तर पर ऐसे बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग की जानी चाहिए, ताकि कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित या शाला त्यागी न हो। शिक्षा विभाग से इस दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग की गई है।

### दुष्कर्म मामले में दिल्ली पुलिस ने किया पेट्रोल पंप संचालक को गिरफ्तार

**धमतरी।** दिल्ली पुलिस अचानक धमतरी पहुंची और दुष्कर्म मामले में एक पेट्रोल पंप संचालक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। इसके बाद शहर में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह दिल्ली की पुलिस धमतरी में एक दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि व्यवसायी के खिलाफ दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट थाना में किसी महिला ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसके बाद दिल्ली पुलिस हरकत में आई और धमतरी पहुंचकर आरोपी की शिनाख्ति के बाद उसे गिरफ्तार किया। कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लेकर आरोपी को पुलिस अपने साथ दिल्ली ले गई। मामला पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर महिला ने दुष्कर्म का आरोप क्यों लगाया है। क्या ये व्यवसायी दिल्ली जाया करते थे। इस संबंध में धमतरी एएसपी शैलेंद्र पांडे ने मीडिया को बताया कि दिल्ली के एक थाना क्षेत्र में रेप का केस दर्ज हुआ है। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने दिल्ली पुलिस पहुंची थी। आरोपी गुजराती कॉलोनी निवासी हैं।

### प्री-मानसूनी गतिविधियां शुरु, 26 मई को केरल प्रवेश कर सकता है मानसून

**धमतरी।** इस साल मानसून तय समय से चार दिन पहले प्रवेश कर सकता है। इसी के साथ जिले में प्री-मानसूनी गतिविधियां भी शुरु हो गई है। अगले तीन दिनों तक आंधी तूफान, बिजली गिरने और हल्की बारिश के साथ गरज-चमक वाली गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। बावजूद इसके तापमान में क्रमिक वृद्धि होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून 26 मई को केरल में प्रवेश कर सकता है। इसमें मॉडल त्रुटि प्लस-माइनस 4 दिन का हो सकता है। शनिवार को कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम और इससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना रहा।

## कार्यक्रम : मछली पालन विभाग ने हितग्राही को किया लाभान्वित

# सुशासन तिहार में मछुआरा समिति को मिला आधुनिक मछली जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम अड़ेंगा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में मछली पालन विभाग द्वारा आदिवासी मछली पालन सहकारी समिति मर्यादित निराछिंदली के सदस्य कृष्णा नाग को आधुनिक मछली पकड़ने का जाल वितरित किया गया। मछली पकड़ने का आधुनिक जाल मिलने से समिति के सदस्यों को मत्स्य पालन कार्य में सुविधा होगी तथा उनकी आय और आजीविका को मजबूती मिलेगी।



**प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद** – शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री एवं उद्योग, वाणिज्य, आबकारी तथा श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग, विधायक नीलकंठ टेकाम, कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है तथा समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

**गांव–गांव पहुंच रही शासन की योजनाएं** – मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सुशासन तिहार 2026 के जरिए ग्रामीण क्षेत्रें में शिविर आयोजित कर जरुरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इससे ग्रामीणों के जीवन में परिवर्तन भी आ रहा है।

### सुशासन तिहार में पूरा हुआ पक्के मकान का सपना



कोण्डागांव। जिले के ग्राम अड़ेंगा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में ग्राम एटेकोन्हाड़ी निवासी श्रीमती सावित्री नाग और श्रीमती मोनिका यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्मित पक्के मकान की चाबी सौंपी गई। दोनों महिलाओं ने बताया कि वे लंबे समय से कच्चे मकान में रह रही थीं। बारिश के दिनों में घर की स्थिति खराब हो जाती थी और परिवार को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। श्रीमती सावित्री नाग ने कहा कि अब पक्का मकान मिलने से उनका परिवार सुरक्षित और बेहतर वातावरण में रह सकेगा। वहीं श्रीमती मोनिका यादव ने बताया कि अपना पक्का घर होना उनका सपना था, जो अब पूरा हो गया है। हितग्राहियों ने बताया कि पहले बारिश और खराब मौसम के दौरान काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन अब पक्का मकान मिलने से परिवार को सुरक्षा और सुविधा दोनों मिल रही हैं। दोनों हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

# कलेक्टर से की निजी जमीन पर अतिक्रमण कर सड़क निर्माण करने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बेलरगांव तहसील में निजी भूमि पर अतिक्रमण कर सड़क निर्माण किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कलेक्टर से लिखित शिकायत कर आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई तथा अतिक्रमण रोकने की मांग की है।

ग्राम झुरानदी तहसील बेलरगांव निवासी कृष्णा मंडावी ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि उसकी निजी जमीन खसरा नंबर 286 ग्राम झुरानदी तहसील बेलर जिला धमतरी में है। उसकी जमीन पर उसे बिना जानकारी, सहमति या वैधानिक सूचना के सड़क निर्माण किया जा रहा है। भारत के संविधान के अनुसार किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना वंचित नहीं किया सकता। सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है। गरिमापूर्ण जीवन एवं वैधानिक प्रक्रिया का संरक्षण सुनिश्चित करता है। पीड़ित कृष्णा मंडावी ने कहा है कि लैंड एक्ट 2013 के तहत किसी भी निजी भूमि का अधिग्रहण उचित सूचना, सुनवाई एवं मुआवजे के बिना नहीं किया जा सकता। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# पेट्रोल-डीजल संकट पर कांग्रेस का हमला, केंद्र सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने पेट्रोल–डीजल को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार का नया फॉर्मूला "पहले डर फैलाओ, फिर जेब काटो" बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने पेट्रोल–डीजल संकट का माहौल बनाकर आम जनता को परेशान किया है।

- पहले डर फैलाओ, फिर जेब काटो : देवांगन
- महुआ और इमली जैसी वनोपज के परिवहन पर भी पड़ रहा असर

श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद लोगों में भय का माहौल बना, जिसके कारण पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गईं। उन्होंने कहा कि कई पेट्रोल पंपों के ड्राई होने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर में किसान और आदिवासी डीजल की कमी से परेशान हैं। धान और मक्का मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जबकि ट्रैक्टर और पिकअप वाहन खड़े हैं। महुआ और इमली जैसे वनोपज के परिवहन पर भी असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत कम होने के बावजूद देश में पेट्रोल की कीमतें अधिक हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर जनता को महंगा पेट्रोल–डीजल क्यों खरीदना पड़ रहा है।

### *नोटबंदी और लॉकडाउन का भी किया जिक्र*

*कांग्रेस नेता ने कहा कि नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन की तरह इस बार भी सरकार की नीतियों से आम जनता परेशान हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार जनता को लाइन में खड़ा होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बस्तर की जनता सब देख रही है और आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी।*

### पेट्रोल पंपों में लाइन हुई छोटी, आज राहत की उम्मीद

**धमतरी।** डीजल, पेट्रोल के संकट से अब जाकर राहत मिली है। अधिकांश पेट्रोल पंप में पेट्रोल, डीजल उपलब्ध है, हालांकि स्थिति को देखते हुए अभी लिमिट में पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है। जेरिकेन में फ्यूल देना बंद कर दिया गया है। अफवाह के चलते पिछले कुछ दिनों से धमतरी सहित पूरे प्रदेश के पेट्रोल पंपों में मारामारी की स्थिति थी। लोग लाइन लगाकर पेट्रोल डीजल भरवा रहे थे। एक साथ बड़ी संख्या में लोगों द्वारा जरूरत से ज्यादा फ्यूल भरवाने से पूरे जिले में फ्यूल संकट की स्थिति बन गई थी। कई पेट्रोल पंपों में तो स्टाक खाली हो गया था। पेट्रोल पंप के ड्राई होने पर पंप को बंद करने की स्थिति बन गई थी। लोगों में भगदड़ की स्थिति को देखते हुए जिन पेट्रोल पंपों में स्टाक था।

# खुड़खुड़िया जुआ खिलाते 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत कोंडागांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित खुड़खुड़िया जुआ खेलाते पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई ग्राम कमेला के वार्षिक मेला स्थल और सोनाबाल के साप्ताहिक बाजार में की, जहां खुलेआम रुपए–पैसों का दांव लगाकर जुआ खिलाया जा रहा था।

- वार्षिक मेला और साप्ताहिक बाजार में चल रहा था पैसों का दांव
- पुलिस ने 3 अलग–अलग मामलों में कार्रवाई कर नकदी और जुआ सामग्री की जब्त

पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार एवं नरेन्द्र पुजारी के पर्यवेक्षण में थाना कोण्डागांव एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई थी। 16 मई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सोनाबाल साप्ताहिक बाजार और ग्राम कमेला के वार्षिक मेले में कुछ लोग रुपए–पैसों का दांव लगाकर खुडखुडिया जुआ खेला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कार्रवाई को अंजाम दिया।



### *तीन अलग–अलग मामलों में पांच आरोपी गिरफ्तार*

*पुलिस ने मौके से 3 अलग–अलग मामलों में कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में समधु पोयाम 46 वर्ष निवासी कतावंड थाना अनंतपुर, अशराम पनका 45 वर्ष निवासी डंगारीगुड़ा कोईगाम थाना डाबुआ, परितोष राय 55 वर्ष निवासी पुरला जिला नवरंगपुर ओडिशा, पदमन सता 43 वर्ष निवासी परसला जिला नवरंगपुर ओडिशा, बृजलाल सेठिया 50 वर्ष निवासी सोनाबाल थाना कोंडागांव शामिल हैं।*

### जुआ सामग्री और नकदी रकम जब्त

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से खुड़खुड़िया गोटा पासा, टोकना, खुडखुडी पर्दा तथा नकदी रकम 11 हजार 475 रुपए जब्त किए। पुलिस ने सभी सामग्री को गवाहों के समक्ष जप्त कर अपने कब्जे में लिया। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 03 के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक राजकुमार कोमरा, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम, प्रधान आरक्षक सतीश चिण्डा, आरक्षक वेदराम चंदेल, महिला आरक्षक नेमा ध्रुव तथा साइबर शाखा से सहायक उप निरीक्षक सुरेन्द्र बघेल, प्रधान आरक्षक हरेंद्र कश्यप, आरक्षक संतोष कोड़ोपी, अजय देवांगन, बिरजू सोरी, बलदेव शोरी और रमेश बर्मन की विशेष भूमिका रही।

### अवैध गतिविधियों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

कोंडागांव पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध जुआ, सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान जारी रहेगा। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# बाइक में छिपा बैठा था गंहुआ नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सिहावा रोड स्थित कालिका चौक में एक जहरीला गंहुआ सांप व्यापारी की मोटरसाइकल में घुस गया। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद सर्पमित्र सूरज पांडे ने सांप का रेस्क्यू किया और भटगांव के जंगल में सुरक्षित रिलीज किया।



शुक्रवार की रात व्यापारी घर जाने के लिए जब बाइक निकाल रहा था, तब उसने मोटरसाइकिल में कुछ हलचल महसूस की। गौर से देखने पर सांप स्पष्ट नजर आया। इसकी खबर आसपास फैली तो वहां पर दहशत का माहौल बन गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत सर्पमित्र नीरज पांडे को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सर्पमित्र नीरज पांडे मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित बाहर निकाला। मोटरसाइकिल के इंजन और बॉडी के बीच सांप काफी अंदर तक घुसा हुआ था, जिसके कारण रेस्क्यू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग 30 मिनट की मेहनत के बाद सर्पमित्र ने लगभग 3 फीट लंबे जहरीले गंहुआ नाग को सुरक्षित बाहर निकाला।

सर्पमित्र नीरज पांडे ने बताया कि गंहुआ नाग अभी बच्चा था। प्रजाति बेहद जहरीली मानी जाती है। इसके काटने के तुरंत बाद यदि एंटी वेनम नहीं दिया जाए तो व्यक्ति की मौत हो सकती है। सांप पर्यावरण के मित्र हैं, यूं ही किसी को नहीं डसते। उन्होंने अपील की कि कहीं पर सांप दिखता है तो उसे मारें नहीं। किसी सर्पमित्र या वन विभाग को तुरंत सूचना दें।

# बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार अंतर्गत कलस्टर स्तरीय शिविरों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "बस्तर मुन्ने" एवं सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत कलस्टर स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 मई को ग्राम पंचायत विश्रामपुरी, कोटपाड़ सिंगनपुर और अनतपुर में शिविर आयोजित होंगे।

उक्त शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मौके पर ही आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत विश्रामपुरी (ब) में आयोजित कलस्टर स्तरीय शिविर में ग्राम विश्रामपुरी अ, रोगाडीही, बीरापारा, फरसाडीही, विश्रामपुरी ब, जिर्रापारा, खरगांव शामिल होंगे।

जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत कोटपाड़ में आयोजित कलस्टर स्तरीय शिविर में ग्राम कोरई, गोड़मा, तोरण्ड, बोथा, पावड़ा कोटपाड़, खण्डसरा, मड़कड़ा, नेट, मांदागांव शामिल होंगे। जनपद पंचायत केशकाल अंतर्गत सिंगनपुर में आयोजित कलस्टर स्तरीय शिविर में ग्राम निराछिन्दली, उन्दरी, नारना, सिंगनपुर, गुलबापारा, गारका, बंधापारा, तुतारी, टाटीरास, आंवरी के ग्रामीण शामिल होंगे। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत अनतपुर में आयोजित कलस्टर स्तरीय शिविर में ग्राम एरला, गागड़ा, गुमड़ी, सिवनी, अनतपुर, बीजापुर, हिरलाभाट, छोटेघोड़सोड़ा, बड़ेघोड़सोड़ा के ग्रामीण शामिल होंगे।

## पेज 9 के शेष

### टमाटर हुआ और...

दाम में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है और उसके अनुसार आने वाले दिनों में इसके दाम और बढ़ सकते हैं। उसके बाद मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के रसोई से टमाटर पूरी तरह से गायब हो जाएगा। बताया जा रहा है कि रविवार को बाजार में इस रविवार को टमाटर 40, तरबूज 60, परवल 40, करेला 40, पत्तागोभी 20, फूलगोभी 40, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 30, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है। साथ ही लालभाजी, पालकभाजी 20 रुपए में 12 जूड़ी बिकी रही है।

### शादी-विवाह में डीजे...

गया। बैठक में सर्वसम्मति से शादी-विवाह में फिजूल खर्च को रोकने के लिए डीजे, अंग्रेजी शराब और अनिवार्य कपड़ा वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सराहनीय फैसला किया गया है। यह कदम धुरवा समाज को कर्ज के बोझ से बचाने और अपनी मूल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। अभी तक 217 जोड़ों का विवाह कराया गया है, जो लाखों रुपए का फिजूल खर्च से बचाया गया है। तेज आवाज वाले डीजे पर रोक लगाई गई है। इसके बजाय पारंपरिक वाद्ययंत्रों ढोल, टामक, टूड़बूड़ी, बांसुरी का बढ़ावा दिया जा रहा है, नियमों का उल्लंघन करने पर भारी आर्थिक जुर्माना के साथ सामाजिक दंड का प्रावधान भी शामिल है। शादियों में दिखावे के लिए बांटे जाने वाले आवश्यक कपड़ों और महंगे उपहारों की प्रथा को बंद किया गया है। रूढ़ी प्रथा के तहत सादगी को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### खेल-खेल में बच्चों...

होता है और इस मौसम में खुद को सुरक्षित तथा ठंडा रखने के लिए कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए, जैसे कि सही मात्रा में पानी पीना और सूती कपड़ों का चयन करना। सीख के इस सिलसिले को और मजेदार बनाते हुए बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और क्राफ्ट कला का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### रेत का अवैध परिवहन...

नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस औचक कार्रवाई में जिला खनिज जांच दल के प्रभारी व खनिज निरीक्षक अंकित पुरी, खनिज सिपाही डिकेश्वर खरे सहित नगर सैनिक देवीराम बघेल और सहदेव बघेल मुख्य रूप से मौजूद थे।

**जांच अभियान रहेगा जारी:** प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अवैध परिवहनकर्ताओं एवं उत्खननकर्ताओं के विरुद्ध दोबारा ऐसा कृत्य करने पर और भी कठोर दण्डात्मक कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए खनिज अमले द्वारा आगे भी ऐसा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच की जाती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### दंतेवाड़ा सहित देशभर की दवा दुकानें 20 को रहेंगी बंद



**गीदम।** ऑनलाइन दवा बिक्री से बढ़ते खतरे एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर 20 मई को देशव्यापी दवा व्यवसाय बंद का ऐलान किया गया है। इसी कड़ी में जिला दंतेवाड़ा औषधि विक्रेता संघ ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए जिले की सभी मेडिकल दुकानों को एकदिवसीय बंद रखने का निर्णय लिया है। संघ के अध्यक्ष विनोद मिश्रा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस बंद की जानकारी दी और सहयोग की मांग रखी। विनोद मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयों की बिक्री हो रही है। उन्होंने कहा कि केमिस्ट दुकानों पर फार्मासिस्ट मरीजों को दवा की खुराक, साइड इफेक्ट और सावधानियों की जानकारी देता है, जो ऑनलाइन में संभव नहीं है। एंटीबायोटिक और नशे की दवाओं का ऑनलाइन गलत इस्तेमाल युवाओं के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बन रहा है। जिला दंतेवाड़ा औषधि विक्रेता संघ ने स्पष्ट किया कि बंद के दिन आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को दवा उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। जरूरत पड़ने पर मरीज विनोद मिश्रा या सचिव गोपाल मण्डल से संपर्क कर दवा प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के सचिव गोपाल मण्डल, कोषाध्यक्ष ए.ए. सिद्दीकी, सदस्य महेन्द्र मिश्रा, अमित मालवीय, मनीष ठाकुर, शेख अक्की, टी.सी. मण्डल, जगदीश मण्डल सहित अन्य केमिस्ट उपस्थित थे। संघ ने प्रशासन और आम नागरिकों से बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

# पुनर्वास से आत्मनिर्भरता की ओर, महिलाओं के सपनों को मिल रहे नए पंख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कभी नक्सल हिंसा की छाया से प्रभावित रहा बीजापुर अब विकास, विश्वास और आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रहा है। माओवाद के अंत के बाद जिला तेजी से मुख्यधारा की ओर बढ़ रहा है। सुरक्षाबलों के साहस, शासन की प्रभावी पुनर्वास नीति और प्रशासन की सतत पहल ने बीजापुर को शांति एवं विकास के नए दौर में प्रवेश कराया है।

राज्य शासन की पुनर्वास नीति केवल आत्मसमर्पण या पुनर्वास तक सीमित नहीं रही, बल्कि पुनर्वासित परिवारों को आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बीजापुर जिले की पुनर्वासित महिलाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत स्थानीय गारमेंट फैक्ट्री में सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से बदल रही जिंदगी :** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्हें आधुनिक सिलाई तकनीक, मशीन संचालन और परिधान निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष बात यह है कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद महिलाओं को उसी गारमेंट फैक्ट्री में रोजगार भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल से महिलाओं को न केवल रोजगार मिलेगा, बल्कि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात उन्हें प्रतिमाह लगभग 5 से 8 हजार रुपये तक का पारिश्रमिक दिया जाएगा। जिससे वे आर्थिक रूप से निरंतर सशक्त बनी रहें।

## सिलाई प्रशिक्षण से मिल रहा रोजगार का अवसर

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

पुनर्वासित महिलाओं के चेहरे पर अब भविष्य को लेकर नई उम्मीद और आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है। जो महिलाएं कभी हिंसा और असुरक्षा के माहौल में जीवन व्यतीत कर रही थीं, वे आज रोजगार और सम्मानजनक जीवन की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। यह पहल केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए महिलाओं को सम्मानजनक जीवन देने का सशक्त माध्यम बन रही है।



### बीजापुर बन रहा विकास और विश्वास का प्रतीक

बीजापुर में चल रही पुनर्वास एवं कौशल विकास की यह पहल शासन की संवेदनशील सोच और दूरदर्शी नीति का उदाहरण है। जिला प्रशासन द्वारा पुनर्वासित परिवारों को शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्त होकर अब बीजापुर विकास, शांति और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बना रहा है। पुनर्वासित महिलाओं की सफलता यह संदेश दे रही है कि अवसर और सहयोग मिलने पर जीवन की दिशा बदली जा सकती है।

### चार दशकों बाद फिर सजी पुजारी कांकेर और कोण्डापल्ली की साप्ताहिक बाजारें

# बंद पड़े हाट-बाजारों में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कभी माओवाद के आतंक और भय के कारण वीरान पड़े बीजापुर जिले के सुदूर वनांचल अब विकास, विश्वास और नई उम्मीदों की मिसाल बनते जा रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्ति के बाद जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन तेजी से पटरी पर लौट रहा है। इसका सबसे जीवंत उदाहरण उसूर ब्लॉक के आवापल्ली क्षेत्र अंतर्गत पुजारी कांकेर और कोण्डापल्ली के साप्ताहिक बाजार हैं, जहां लगभग चार दशकों बाद फिर से रौनक लौट आई है।

एक समय ऐसा था जब इन क्षेत्रों में भय और असुरक्षा के कारण ग्रामीणों की आवाजाही लगभग बंद हो चुकी थी। माओवाद के प्रभाव के चलते यहां के पारंपरिक साप्ताहिक बाजार पूरी तरह ठप पड़ गए थे। लेकिन अब नक्सल मुक्त वातावरण बनने के बाद बाजारों में फिर से चहल-पहल दिखाई देने लगी है। ग्रामीण, व्यापारी और आदिवासी बड़ी संख्या में यहां पहुंच रहे हैं, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है। बस्तर अंचल केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और खनिज संपदा के लिए ही नहीं, बल्कि वनोपज आधारित समृद्ध परंपराओं के लिए भी देशभर में जाना जाता है। यहां के साप्ताहिक हाट-बाजार स्थानीय संस्कृति, सामाजिक जीवन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। बीजापुर जिला चारों ओर से घने वनांचलों से घिरा हुआ है, जहां आदिवासी समुदाय का जीवन जंगल और वनोपज पर आधारित है। इमली, महुआ, टोरा, चिरौंजी, तेंदू जैसी बहुमूल्य वनोपज यहां के लोगों की आय का प्रमुख स्त्रोत हैं। ग्रामीण इन उत्पादों का संग्रहण कर साप्ताहिक बाजारों में विक्रय करते हैं तथा बदले में दैनिक जरूरत की वस्तुएं खरीदते हैं। इन बाजारों का महत्व केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक मेल-मिलाप, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामुदायिक जीवन का भी केंद्र होते हैं।

पुनः प्रारंभ हुए ये साप्ताहिक बाजार स्थानीय आदिवासी समुदाय के लिए आर्थिक संबल बनकर उभर रहे हैं। ग्रामीणों को अब अपने उत्पाद बेचने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। इससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है तथा स्थानीय स्तर पर आय के नए अवसर भी बढ़ रहे हैं। बाजारों के पुनर्जीवित होने से छोटे व्यापारियों, किसानों और वनोपज संग्राहकों को सीधा लाभ मिल रहा है। साथ ही क्षेत्र में परिवहन, छोटे व्यवसाय और अन्य आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिल रही है।

बीजापुर में लौटती बाजार संस्कृति यह दर्शाती है कि शांति स्थापित होने पर विकास की संभावनाएं किस प्रकार तेजी से आकार लेती हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से अब वनांचल के गांव भी मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। पुजारी कांकेर और कोण्डापल्ली के बाजारों में लौटती रौनक केवल व्यापार की वापसी नहीं, बल्कि विश्वास, सुरक्षा और समृद्ध भविष्य की वापसी का प्रतीक है।

## आदिवासी अंचल की अर्थव्यवस्था को मिला नया जीवन



### चार दशकों तक सन्नाटा, अब लौट रही जीवन की रफ्तार

उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर और कोण्डापल्ली के साप्ताहिक बाजार कभी आसपास के अनेक गांवों की आर्थिक धुरी हुआ करते थे। लेकिन माओवादी गतिविधियों और असुरक्षा के माहौल ने इन बाजारों की रौनक छीन ली। धीरे-धीरे यहां व्यापार बंद हो गया और क्षेत्र आर्थिक रूप से प्रभावित होने लगा।अब जब क्षेत्र पूरी तरह नक्सल मुक्त हो चुका है, तब वर्षों से बंद पड़े बाजारों में फिर से दुकानें सजने लगी हैं। ग्रामीण दूर-दराज के गांवों से बाजार पहुंच रहे हैं। महिलाएं वनोपज लेकर आ रही हैं तो छोटे व्यापारी दैनिक उपयोग की सामग्री बेचने पहुंच रहे हैं। बाजारों में फिर से स्थानीय बोली, पारंपरिक वेशभूषा और आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक दिखाई देने लगी है।

# गौ सेवा समिति करेगी मूक जीवों के लिए पानी की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए गौ सेवा समिति किरंदुल ने गौ माता और अन्य मूक जीवों के लिए जल सेवा का बीड़ा उठाया है। समिति द्वारा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सीमेंट के पक्के पानी के गमले रखे जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

- सीमेंट के गमले में पानी रखे जाने की तैयारी

समिति के सदस्यों द्वारा सीमेंट के गमले तैयार कर लिए गए हैं। सभी गमलों पर नारंगी रंग करके 'गौ सेवा समिति किरंदुल' लिखा गया है। इन्हें जल्द ही नगर के चिन्हित स्थानों पर रखा जाएगा ताकि गौवंश और अन्य पशु-पक्षी आसानी से पानी पी सकें।

गौ सेवा समिति किरंदुल के सदस्य अंतिम तैयारियों का जायजा लेते हुए। सदस्यों ने खुद गमलों की फिनिशिंग और रख-रखाव का काम किया।समिति के सदस्यों ने रविवार जानकारी दी कि यह केवल शुरुआत है, आगे और गमले लगाए जाएंगे। प्रथम चरण में किरंदुल शहर के 15 प्रमुख स्थानों पर सीमेंट के बड़े गमले रखे जाएंगे। इनमें बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के पास, बाजार चौक, मंदिर परिसर, गौशाला मार्ग और नगर के बाहरी इलाके जहां आवारा पशुओं का आवागमन अधिक रहता है, शामिल हैं।

# घोटालों से ध्यान भटकाने करते रहते हैं प्रोपोगेंडा : जहीरुद्दीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अंजुमन इस्लामिया एडहॉक कमेटी के सदर व अध्यक्ष डॉ एस. जहीरूद्दीन ने जारी बयान में कहा है कि हाल ही में कुछ व्यक्तियों ने स्वयं को आम मुस्लिम समाज का प्रतिनिधि बताते हुए प्रेस वार्ता में अंजुमन इस्लामिया एडहॉक कमेटी जगदलपुर तथा छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के संबंध में अनेक भ्रामक, तथ्यहीन एवं विधिक रूप से असत्य आरोप लगाए हैं। उक्त परिस्थितियों में वास्तविक तथ्यों को समाज एवं जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक हो गया है।

- तथाकथित पैरोकारों की बातें मनगढ़ंत व बेबुनियाद
- अंजुमन इस्लामिया एडहॉक कमेटी के सदर ने बयानबाजी को बताया राजनीतिक मंशा

उन्होंने कहा कि पत्रकार वार्ता हेतु समाज की और से प्रतिनिधित्व करने उन्हें अधिकृत नहीं किया गया था। इनमें से एक कांग्रेस का राष्ट्रीय प्रवक्ता है, दूसरा आप पार्टी के सदस्य हैं और तीसरा एनएसयूआई का सदस्य है। और एक किरायेदार है जो तीन दुकान किराये पर लिये है। वे अपने निजी स्वार्थ के चलते प्रेस वार्ता किये है। सिर्फ 5 व्यक्ति से प्रतीत होता है कि वे राजनीतिक मंशा से यह कार्य कर रहें हैं। उन्होंने एक -एक दावे को दिग्भ्रमित करने वाला बताते कहा कि उन्हें वास्तविक बातों को सामने रखना था। जहीरूद्दीन ने कहा कि तथाकथित पैरोकारों की बातों के दावें तर्कसंगत नहीं हैं।

### एडहॉक कमेटी का गठन पूर्णतः वैधानिक एवं विधिसम्मत

जहीरूद्दीन ने कहा वर्तमान एडहॉक कमेटी का गठन छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने अपने वैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए विधिसम्मत आदेश के माध्यम से किया है। अतः कमेटी द्वारा किया जा रहा समस्त प्रशासनिक एवं संस्थागत कार्य पूर्णतः वैध एवं अधिकृत है। किसी वैधानिक रूप से गठित समिति को बंधक समिति कहना न केवल भ्रामक एवं गैर-जिम्मेदाराना वक्तव्य है, बल्कि यह वक्फ बोर्ड जैसी संवैधानिक संस्था की गरिमा एवं अधिकार क्षेत्र पर भी अनावश्यक प्रश्नचिन्ह लगाने का प्रयास है।



### आज भी नहीं मिले है पूरे दस्तावेज

जहीरूद्दीन ने बताया कि एडहॉक कमेटी को प्रारंभिक रूप से सीमित अवधि हेतु दायित्व सौंपा गया था, किंतु कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत यह पाया गया कि पूर्व कमेटियों द्वारा आवश्यक अभिलेख एवं वित्तीय दस्तावेज विधिवत हस्तांतरित नहीं किए गए। विशेष रूप से कैश बुक, बिल-वाउचर रसीद बुक लेखा विवरण, बैंकिंग अभिलेख, वित्तीय लेन-देन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। ऐसी स्थिति में बिना अभिलेखों के किसी भी चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाना संस्था के हित, विधिक प्रक्रिया एवं पारदर्शिता तीनों के प्रतिकूल होता। इसी कारण जांच एवं दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। आज भी दस्तावेज नहीं दिये गये जिससे कमेटी का कार्य प्रभावित हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बार्ड द्वारा दस्तावेज प्राप्त करने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

### जांच समिति का गठन कलेक्टर ने किया

सदर ने कहा कलेक्टर ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित कर प्रकरण की जांच कराई है। जांच लंबित रहते हुए एवं अभिलेख अधूरे होने की स्थिति में चुनाव प्रक्रिया को तत्काल संपन्न करना विधिक दृष्टि से उचित नहीं माना गया। दस्तावेज जांच में नहीं देने पर अभी जांच प्रभावित है। तत्कालीन जांच कमेटी द्वारा 3 साल 8 महीने में करोड़ों का लेन-देन नगद में किया गया है जो कि वितिय अनियमितता की श्रेणी में आता है। पूर्व कमेटी के सदर सलीम रजा द्वारा अंजुमन कमेटी की राशि 3 करोड़ 58 लाख गबन करने के फलस्वरूप एफआईआर दर्ज हुआ। प्रकरण न्यायालय में लंबित है।

### लंबित मामलों से ध्यान भटकाने का प्रयास

सदर ने कहा पूर्व कमेटियों से संबंधित कुछ गंभीर वित्तीय एवं प्रशासनिक शिकायतें वर्तमान में न्यायालयीन एवं जांच स्तर पर विचाराधीन हैं। ऐसे समय केवल चुनाव का मुद्दा उठाकर मूल शिकायतों एवं जवाबदेही के प्रश्नों से ध्यान हटाने का प्रयास किया जाना संदेह उत्पन्न करता है। यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि पूर्व कमेटियों से जुड़े कुछ मामलों में न्यायालयीन प्रक्रिया प्रचलित है तथा संबंधित विषयों पर जांच एवं कानूनी कार्यवाही जारी है। ऐसी स्थिति में प्रेस वार्ता जनभावनाओं को प्रभावित करने वाले बयान एवं अपूर्ण तथ्यों का सार्वजनिक प्रसारण न्यायिक एवं प्रशासनिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास माना जा सकता है।

### वीडियों में कांट-छांट

डॉ. सलीम राज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है, उसके संबंध में यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त वीडियो को कथित रूप से कांट-छांट कर अधूरा एवं भ्रामक रूप में प्रस्तुत किया गया। यदि किसी व्यक्ति के बयान को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत कर समाज में तनाव, भ्रम अथवा वैमनस्य उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है तो यह गंभीर विधिक विषय है एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई अपेक्षित है एवं आपराधिक मामला भी बनता है

### वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा करना आवश्यक

सदर ने कहा वर्तमान एडहॉक कमेटी का उद्देश्य वर्तमान कमेटी का किसी पद पर बने रहना नहीं है बल्कि संस्था की प्रशासनिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना, वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करना, वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा करना, लंबित अभिलेख प्राप्त करना, संस्थागत जवाबदेही स्थापित करना तथा विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव सुनिश्चित करना है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नीट के मामले में एनएसयूआई ने किया पुतला दहन

भानुप्रतापपुर। एनएसयूआई द्वारा नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। एनएसयूआई भानुप्रतापपुर शहर अध्यक्ष आयुष शर्मा एवं जिला सचिव अनुराग शर्मा ने कहा कि छात्रों की मेहनत और सपनों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। एनएसयूआई ने कहा कि संगठन छात्रों के अधिकारों, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और शिक्षा में ईमानदारी बनाए रखने की लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ता रहेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष योगेश यादव, कॉलेज अध्यक्ष अनुराग साहू, ब्लॉक महासचिव राजकुमार गावड़े, कुणाल टेकाम, देव नेताम, ब्लॉक सचिव योगेंद्र उइके सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पेट्रोल-डीजल संकट और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

भानुप्रतापपुर। पेट्रोल-डीजल की किल्लत और लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को स्थानीय पेट्रोल पंप के सामने धरना-प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पेट्रोल-डीजल की कमी और महंगाई को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध होने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्थिति बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के आधे से अधिक पेट्रोल पंपों में ईंधन की आपूर्ति प्रभावित है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और अब पेट्रोल-डीजल की कमी ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

# स्वच्छ, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित गांव निर्माण का लिया संकल्प

**मुंडापाल में स्वच्छता शिविर एवं जन जागरूकता कार्यक्रम**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा संचालित एसबीआई. संजीवनी टीम बस्तर ने शनिवार को ग्राम मुंडापाल में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शिविर एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान में 110 महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों ने सहभागिता निभाते स्वच्छ, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित गांव निर्माण के संकल्प को मजबूत किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता रैली से की गई। जिसे ग्राम स्वच्छता समिति की महिलाओं ने नेतृत्व किया। रैली के माध्यम से घर-घर एवं गली मोहल्ले में स्वच्छता के संदेश का प्रसार किया गया। रैली के दौरान स्वच्छ गांव, कचरा डस्टबिन डिब्बे में डाले साथ ही सौ रोगों की एक दवाएं घर पे रखो साफ सफाई जैसे नारे से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता के गुड प्रैक्टिस को समझाया गया, जिनमें गिले कचरे, सूखे कचरे का निवारण, नियमित हाथ धोने की सही विधि, शौचालय का नियमित उपयोग एवं सफाई, पीने के पानी के स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के उपाय, घर और आस पास जल जमाव न होने देने को आदत, संक्रमण से बचाव हेतु कीटनाशक का उचित उपयोग जैसे बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। अभियान के दौरान पंचायत के चौक में एक डस्टबिन तैयार किया गया। आस पास के पूरे कचरे को साफ कर वहां पर चूना ओर ब्लीचिंग पाउडर से साफ कर नए डस्टबिन निर्माण किया। जिससे गांव वालों को घर के कचरे को एक जगह स्त्रोत किया जा सके। टीम ने स्वच्छता कार्यक्रम में पंचायत भवन और आंगनबाड़ी में डस्टबिन, झाड़ू, बाल्टी , मग, हार्पिक, फिनाईल, सेनेटाइजर, मास्क, ब्लीचिंग पाउडर, तथा हाथ दस्ताने का स्वच्छता किट प्रदान किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान सरपंच संधु मौर्य, उपसरपंच कामराज कुर्रे, मितानिन महादेई मौर्य, समूह से बसंती कश्यप, सिरमणि बघेल जिला समन्वयक सूरज पटनायक, डॉ मरकाम, फार्मासिस्ट रवींद्र पोयाम, लैब टेक्नीशियन पल्लवी, स्टाफ नर्स सनबारी तथा पायलट अशोक बघेल मौजूद रहे।

## बस्तर में पहली आवासीय खेल अकादमी की तैयारियां तेज

# खिलाड़ियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर अंचल के प्रतिभावान और नैसर्गिक खिलाड़ियों के लिए उत्साहजनक खबर है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जगदलपुर में इसी वित्तीय वर्ष से एथलेटिक्स, फुटबॉल और तीरंदाजी के बालक वर्ग के लिए बस्तर की पहली

- खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक ने किया दौरा

आवासीय खेल अकादमी शुरू करने की तैयारियां शुरू कर रही हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को जल्द धरातल पर उतारने और उपलब्ध अधोसंरचनाओं का निरीक्षण करने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक तनुजा सलाम ने विभागीय अधिकारियों के साथ दौरा किया।

संचालक ने खेल विभाग के स्थानीय अधिकारियों के साथ अकादमी के संचालन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण और आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा की। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए तैयार की जा रही आवास व्यवस्था, भोजन प्रबंधन, स्कूल व शिक्षा की सुविधा, वाहन व्यवस्था तथा आधुनिक खेल सामग्री सहित तमाम मूलभूत आवश्यकताओं का निरीक्षण किया। खेल अधिकारी सुशांत पॉल से तैयारियों का जायजा लेते उन्होंने पूरे भवन का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों को उत्कृष्ट, सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। संचालक ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में इस आवासीय खेल अकादमी के प्रारंभ होने से स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर पदक अर्जित करने में सफल होंगे।



**चयनित 65 खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधाएं और प्रशिक्षण**

पहली आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए जल्द चयन ट्रायल का विज्ञापन जारी किया जाएगा। जिसमें 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। अकादमी में 65 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जिसमें फुटबॉल के 25, एथलेटिक्स के 20 और आर्चरी के 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। इस अकादमी के माध्यम से खेल विभाग चयनित खिलाड़ियों को निशुल्क उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, संतुलित डाइट, आधुनिक खेल उपकरण, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य बीमा, खेल किट और इलाज के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर प्रदान करेगा।

**संचालक ने खिलाड़ियों से की चर्चा**

जगदलपुर प्रवास के दौरान संचालक ने पंडरीपानी में संचालित खेलो इंडिया लघु केंद्र का दौरा किया। वहां नियुक्त हॉकी प्रशिक्षक कार्तिक यादव ने उन्हें हॉस्टल भवन और जिम हॉल का निरीक्षण कराते केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों की संख्या और उपलब्ध खेल सामग्रियों की जानकारी दी। इस दौरान संचालक ने मैदान पर अभ्यास कर रहे युवा खिलाड़ियों से बातचीत कर उनकी खेल संबंधी जरूरतों और आवश्यकताओं का फीडबैक लिया। संचालक के साथ विभागीय अधिकारी गिरीश शुक्ला और पी.एम.यू. से जतिन उपस्थित रहे।

## केंद्रीय गृहमंत्री के बस्तर प्रवास की तैयारियों का वन मंत्री, सांसद और विधायक ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रस्तावित बस्तर प्रवास को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस तैयारी का नेतानार स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर में संचालित शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा का वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव तथा सांसद महेश कश्यप ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जनप्रतिनिधियों ने नेतानार में शहीद गुंडाधुर प्रतिमा स्थल एवं बेस कैंप परिसर में संचालित सेवा सेतु केंद्र का अवलोकन किया। इस सेवा डेरा के माध्यम से ग्रामीणों और महिलाओं को विभिन्न सेवाएं एवं आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने आधार सेवा केंद्र, बैंक सखी केंद्र, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, इमली प्रोसेसिंग यूनिट तथा राइस डेकी प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने तथा स्थानीय हितग्राहियों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीसीएफ स्टायलो मंडावी, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, डीएफओ उत्तम गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ अमित भाटिया सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जलनी माता गुड़ी तेतरखुटी में मेला उत्सव को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित जलनी माता गुड़ी अघनपुर तेतरखुटी में 25 मई को माता मेला उत्सव को लेकर बैठक की गई। बैठक में छत्रपति शिवाजी वार्ड पार्षद श्याम सुंदर बघेल, गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा, जलनी माता गुड़ी समिति के अध्यक्ष गंगदेव यादव, पुजारी पीतांबर बघेल एवं सिरहा साधुराम बघेल उपस्थित रहे। बैठक में मेला आयोजन को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए पर चर्चा की गई । उपस्थित लोगों से सुझाव मांगे गए। मंदिर में होने वाले वार्षिक उत्सव एवं विशेष मेले की व्यवस्थाओं को लेकर कई निर्णय लिए गए। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल टैंकर की व्यवस्था, मेला परिसर में साफ-सफाई, वाहनों की पार्किंग, मेडिकल टीम एवं एंबुलेंस, बिजली आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था पर निर्णय लिया गया।

बैठक में गोपाल पटेल, जयराम नाग, मनमोहन बघेल, रितेश कश्यप, दुर्जन नाग, श्रीनाथ कश्यप, सोन सिंह नाग, कमल सिंह बघेल, सुंदर बघेल, माटू बघेल, मोहन बघेल, दया बघेल, सोनाधार मौर्य, जोगेंद्र यादव, इतेन्द्र बघेल, किरण बघेल, उदय गोयल, गबरू बघेल, कौशल्या साहू सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



## फूलगट्टा में स्वास्थ्य सेवाओं की दस्तक ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत आश्रित ग्राम फूलगट्टा में शुक्रवार को विशेष स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई तथा गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की पहचान कर संबंधित मरीजों का पंजीयन किया गया। शिविर के दौरान नए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए ताकि पात्र ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में नई गर्भवती माताओं की पहचान कर उनका पंजीयन किया गया एवं एएनसी कार्ड वितरित किए गए। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को स्वच्छताए संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया।

फूलगट्टा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ओपीडी एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए नियमित स्वास्थ्य शिविरों की मांग की। यह आयोजन ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# केन्द्रीय गृह मंत्री के दृढ़ संकल्प से बस्तर हुआ नक्सल मुक्त : देव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बंदूक नहीं, विकास और खुशहाली की राह पर बस्तर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने जारी बयान में कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बस्तर आगमन प्रदेश और विशेषकर बस्तर संभाग की जनता के लिए ऐतिहासिक होगा। उनका बस्तर दौरा इस क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए मील के पत्थर के समान है।

उन्होंने अमित शाह के रणनीतिक कौशल पर कहा कि जब से केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में शाह ने कमान संभाली है, तब से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। उन्होंने देश से वामपंथी उग्रवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का जो संकल्प लिया था, उसका सबसे सकारात्मक असर बस्तर में देखने को मिल रहा है। बस्तर जो कभी नक्सली हिंसा के साये में जीने को मजबूर था आज भय का माहौल खत्म हो रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनते ही नक्सलियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। शाह के कुशल मार्गदर्शन और राज्य पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बलों के आपसी तालमेल के कारण आज देश में नक्सलवाद बैकफुट पर है।

देव ने कहा कि बस्तर के सुदूर अंचलों में नए सुरक्षा कैम्प स्थापित कर सुरक्षा घेरा मजबूत किया गया है। राज्य सरकार केवल सुरक्षा के मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि बस्तर के सर्वांगीण और सर्वतोमुखी विकास के लिए चौतरफा कार्य कर रही है। बस्तर का विकास सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के माध्यम से बस्तर के प्रभावित और अंदरूनी गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। सुरक्षा कैम्पों के आसपास के गांवों में सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, स्कूल, अस्पताल और राशन जैसी मूलभूत सुविधाएं युद्ध स्तर पर मुहैया कराई जा रही हैं।

**आदिवासी के अधिकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता**

सरकार आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर में ऐतिहासिक वृद्धि कर इसे 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा करना और चरण पादुका जैसी योजनाओं को पुनर्जीवित करना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। स्थानीय आदिम संस्कृति, देवगुड़ियों और पारंपरिक उत्सवों के संरक्षण के लिए विशेष बजट और संसाधन आवंटित किए गए हैं।

**बस्तर लाल आतंक के दौर से बाहर निकला**

देव ने कहा कि बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। पुल-पुलियों का निर्माण हो रहा है और मोबाइल कनेक्टिविटी को सुदूर गांवों तक पहुँचाया जा रहा है ताकि बस्तर का युवा भी डिजिटल इण्डिया का हिस्सा बन सके। इसी प्रकार अंदरूनी क्षेत्रों में बंद पड़े स्कूलों को दोबारा शुरू किया जा रहा है। बस्तर के युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और कौशल विकास केंद्रों को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमित शाह का यह दौरा बस्तर के नागरिकों और हमारे सुरक्षा बलों के जवानों में एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। बस्तर अब लाल आतंक के दौर से बाहर निकलकर खुशहाली और अमृत काल के विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। वह दिन दूर नहीं, जब बस्तर देश के सबसे विकसित क्षेत्रों में गिना जाएगा।

### पूर्व विधायक ने अवैध रेत कारोबार का लगाया आरोप

## खनिज और पुलिस के संरक्षण से रेत का अवैध कारोबार : कश्यप



जगदलपुर। रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले जारी है। रेत माफिया खुलेआम ट्रैक्टर ट्राली, टिप्पर में भरकर रेत बेच रहे हैं। शासन को लाखों के राजस्व की चपत लगा रहे हैं। प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है। थाना के सामने से रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली , टिप्पर निकलते रहते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है।

नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने जारी बयान में कहा कि रेत माफियाओं द्वारा प्रतिदिन सैकड़ों ट्राली, टिप्पर भर कर रेत का परिवहन खनिज और पुलिस की साठगांठ से किया जा रहा है।

भानपुरी क्षेत्र में प्रतिदिन दर्जनों ट्रालियों को भरा जा रहा है। इसके अलावा नदी नालों से रेत निकालने का अवैध कारोबार जारी है। रेत माफियाओं के अवैध कारोबार में पुलिस और खनिज विभाग का पूरा सहयोग है। लेकिन कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। इन दिनों प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सैकड़ों मकानों का निर्माण कार्य जारी है, जिस कारण रेत की मांग बढ़ गई है। रेत के बिना पिटपास के धड़ल्ले से रेत का अवैध कारोबार माफिया करने में लगे है।

उन्होंने कहा कि बस्तर जिला के थाना भानपुरी क्षेत्र के बड़े आमाबाल पंचायत में अवैध रेत परिवहन को रसूखदारों के द्वारा खुलेआम धड़ल्ले से अंजाम दिया जा रहा है। पूर्व विधायक ने सीधा आरोप लगाते कहा कि खनिज विभाग नींद में है इसमें मिली भगत है। खनिज विभाग प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए रेत परिवहन पर ग्रामीणों के ट्रैक्टर पर कार्यवाही करते हैं लेकिन रसूखदारों पर मौन रहते हैं।

# आकाशवाणी समाज को जोड़ने वाला एक सशक्त सांस्कृतिक धरोहर : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- वॉकथॉन में शामिल हुए वर्तमान और पूर्व अधिकारी कर्मचारी
- 90 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हुआ वॉकथॉन



90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी जगदलपुर ने वॉकथॉन का आयोजन किया। प्रातः 6 बजे दंतेश्वरी मंदिर के सामने से वॉकथॉन निर्धारित मार्ग संजय मार्केट, चांदनी चौक और कमिश्नर कार्यालय होते हुए आकाशवाणी पहुंची।

इस आयोजन में आकाशवाणी के अधिकारी, कर्मचारी, उद्घोषक, कॉम्पियर, कर्मचारियों के परिवारजन तथा आम नागरिकों सहित पूर्व सेवक शामिल हुए। प्रतिभागियों में बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता रही।

आकाशवाणी के पूर्व सहायक निदेशक बलबीर सिंह कच्छ, कार्यक्रम अधिशासी रहे शाहीद हुसैन, पूर्व उद्घोषक नारायण सिंह बघेल तथा जी. श्याम शामिल रहे।

संचालन कार्यक्रम प्रमुख चन्द्र ऋषि ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने कहा कि आकाशवाणी केवल प्रसारण का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक सशक्त सांस्कृतिक धरोहर है। 90 वर्षों की यह यात्रा जनसरोकार, संस्कृति और संवाद की यात्रा रही है। वॉकथॉन के माध्यम से हमने स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक सहभागिता का संदेश देने का प्रयास किया है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन आकाशवाणी परिसर में हुआ जहां प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

